Regarding request for direct train services from Bhusawal to Pune-laid

श्रीमती स्मिता उदय वाघ **(जलगांव) :** मैं अपने जलगांव लोक सभा की ओर से जलगांव और नंदुरबार जिलों के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करने के लिए तत्काल कार्रवाई करने का आग्रह करती हूं । धरनगांव, अमलनेर, नरदाना, दोंडाईचा, सिंदखेड़ा, नंदुरबार, नवापुर और बारडोली सहित इन शहरों के विभिन्न जगहों से पुणे के लिए सीधी ट्रेन की कमी से हजारों यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है जो काम, शिक्षा और अन्य उद्देश्यों के लिए रोजाना यात्रा करते हैं ।

सीधी ट्रेन न होने के कारण निजी वाहनों और बसों की संख्या में उछाल आया है, जलगांव, धुले, नंदुरबार और पुणे के बीच रोजाना । 200 से अधिक बसें चलती हैं । इससे न केवल भीड़भाड़ और प्रदूषण होता है. बल्कि यात्रियों की सुरक्षा को भी बड़ा खतरा होता है ।

इसलिए, मैं भुसावल से पुणे के लिए एक नई ट्रेन शुरू करने का अनुरोध करती हूं । इससे जलगांव, धुले और पुणे सहित खानदेश क्षेत्र के लोगों को बहुत लाभ होगा । जिले के लोगों को सुरक्षित, सुविधाजनक और किफायती परिवहन सुविधा प्रदान करने के लिए मैं सरकार से आग्रह करती हूँ कि इस नई ट्रेन सेवा को शुरू करने के लिए तत्काल कदम उठाएँ, जिससे इस क्षेत्र के लोगों को काफी राहत मिलेगी ।